प्रेस नोट

दिनांक 04.10.2024

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में पटाखों की दुकानों में सुरक्षा चेकिंग अभियान-

आज दिनांक 4 अक्टूबर 2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में सुरक्षा और अग्नि प्रबंधन के दृष्टिकोण विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, व मुख्य अग्निशमन अधिकारी हमीरपुर की संयुक्त टीम ने थाना सुमेरपुर और थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की पटाखों की दुकानों में जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पटाखों के भंडारण और क्रय/ विक्रय की जांच कर यह देखा गया कि दुकानदारों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। यह भी सुनिश्चित किया गया कि दुकानें नियमों के अनुरूप पटाखों का भंडारण कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान दुकानों में फायर सेफ्टी उपकरणों जैसे अग्निशामक यंत्रों की उपस्थिति और उनकी स्थिति का भी परीक्षण किया गया। दुकानें फायर सेफ्टी मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। दुकानदारों को सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए जागरूक किया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इनमें यह सुनिश्चित करना शामिल था कि पटाखों का भंडारण सुरक्षित दूरी पर हो, दुकान के आसपास जलने वाले पदार्थ न हों, और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए उचित उपाय किए गए हों। पटाखों की बिक्री और भंडारण के लिए जारी किए गए लाइसेंस की वैधता की भी जांच की गई। यह देखा गया कि दुकानदारों के पास आवश्यक दस्तावेज हैं या नहीं।

इस चेकिंग अभियान का उद्देश्य त्योहारी सीजन के मद्देनजर पटाखों की दुकानों में आग से संबंधित संभावित खतरों को कम करना और सुरक्षा उपायों को मजबूत करना था।

आर. के. आतिशबाज
मेरापुर
M. 9335544119
9559925853
प्रो. ज्ञानेन्द्र कुमार
गुप्ता (दरोगा
धूम्रपान निषेध
इमरजेन्सी.न.11
एम्बुलेन्स- 10